तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 8 मार्च 2026



14 परिवहन विभाग के बेरियर में सीमावर्ती राज्य की 775 ...




14 सीआरपीएफ सुरक्षा, सहायता व सहयोग के लिए प्रतिबद्ध





## खबर संक्षेप



### रंगपंचमी के एक दिन पहले कलचा में होता है होलिका दहन

**जगदलपुर।** ग्राम कलचा में परांपरागत रूप से रंगपंचमी के एक दिन पहले होलिका दहन होता है। शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने रूपशीला माता मंदिर में देवी दर्शन कर पूजा अर्चना की । वहीं कलचा में क्षेत्र की जनता से मिलकर होली की शुभकामनाएं दी । इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, सीमांचल दास, हरि साहू, कैलाश ठाकुर, गणेश नाग, जागे बघेल, जयराम, जितेंद्र बागड़ा, रूपेश समरथ, राधे पन्द्रै, तपन सरकार, विकास पात्रो सहित अनेक भाजपाई उपस्थित थे।

### बस्तर में महा-जनसुनवाई सप्ताह का आयोजन आज से

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए महा जनसुनवाई सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष अभियान 8 मार्च से 13 मार्च तक चलेगा। जिसका मुख्य केंद्र इस बार बस्तर संभाग को बनाया गया है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का समापन 13 मार्च को होगा। जो कलेक्ट्रेट बस्तर के प्रेरणा कक्ष में 13 मार्च को आयोजित की जाएगी। इस दौरान बस्तर संभाग के सभी सात जिलों बस्तर, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव, नारायणपुर, कांकेर, बीजापुर और सुकमा की पीड़ति महिलाओं की शिकायतों पर सीधी सुनवाई कर उन्हें न्याय दिलाया जाएगा। पीड़ति महिलाएं अपनी शिकायतों के लिए रायपुर स्थित आयोग के कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं।

# महिला दिवस पर खेल मैदान में दम दिखाएंगी बस्तर की बेटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 8 मार्च को जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में बस्तर जिले की बालिका और महिला खिलाड़ी खेल मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को मंच देने के साथ ही महिलाओं और बेटियों को खेलों के प्रति प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है। खेल प्रतियोगिताओं के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं। क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में वॉलीबॉल,खो-खो,रस्साकसी और एथलेटिक्स की स्पर्धाएं आयोजित होंगी। एथलेटिक्स में 100 मीटर, 400 मीटर दौड़ तथा तवा फेंक प्रतियोगिता शामिल है।

फुटबॉल और बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं इंदिरा स्टेडियम में आयोजित की जाएंगी। आयोजन के लिए खेल विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं,ताकि प्रतिभागियों को बेहतर खेल वातावरण मिल सके और प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## आज जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

### दो वर्गों में होगी प्रतिस्पर्धा

प्रतियोगिता दो आयु वर्गों 9 से 18 वर्ष तथा 18 से 35 वर्ष में आयोजित की जाएगी। इसमें बैडमिंटन, एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल,खो-खो और रस्साकसी जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं शामिल होंगी। विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी।



### खेल प्रतिभाओं को मिलेगा आगे बढ़ने का मंच

कार्यक्रम का समापन शाम 4 बजे क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में किया जाएगा, जहां विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य बस्तर की बेटियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग का मानना है कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाशाली बालिकाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है और वे भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुंच सकती हैं।

## सांसद और विधायक ने किया लोकार्पण

# महारानी सहित दो अस्पतालों में अत्याधुनिक हेल्थ एटीएम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महारानी अस्पताल में अत्याधुनिक हेल्थ एटीएम मशीन का शुभारंभ सांसद महेश कश्यप ने शहरवासियों की सेवा में समर्पित किया। इस आधुनिक मशीन के माध्यम से अब आमजनों को विभिन्न स्वास्थ्य जांच सुविधाएं त्वरित और सटीक रूप से उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे समय रहते बीमारी की पहचान कर बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा। एटीएम न्यू इंडिया एश्योरेंश कंपनी के द्वारा सीएसआर मद से जिले के तीन अस्पतालों महारानी अस्पताल, डिमरापाल मेडिकल कालेज अस्पताल और भानपुरी अस्पताल में स्थापित किया गया है। भानपुरी अस्पताल में वन मंत्री केदार कश्यप के द्वारा हेल्थ एटीएम का शुभारंभ किया गया। साथ ही डिमरापाल मेडिकल कालेज अस्पताल में एटीएम का शुभारंभ चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि जनस्वास्थ्य की बेहतरी और सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हेल्थ एटीएम मशीन के माध्यम से लोगों को कम समय में कई आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण एक ही स्थान पर मिल सकेंगे, जिससे आम नागरिकों को काफी सहूलियत होगी। किरण सिंह देव ने इस पहल को जनस्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसके माध्यम से नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने की बात कही।

■ शहरवासियों को मिलेगी त्वरित जांच की सुविधा



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर महापौर संजय पांडेय, जिला पंचायत सदस्य सम्पति नाग सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद सहित अस्पताल प्रबंधन के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### भानपुरी में बिछेगा सड़कों और पुलियों का जाल

वन मंत्री केदार कश्यप ने भानपुरी स्थित सिविल अस्पताल में हेल्थ एटीएम सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप तथा अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। यह हेल्थ एटीएम बस्तर के दूरस्थ अंचलों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है, क्योंकि अब ग्रामीणों को छोटी-बड़ी जांचों के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इस अत्याधुनिक मशीन के माध्यम से नागरिक ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी और ऑक्सीजन लेवल सहित 100 से अधिक प्रकार की स्वास्थ्य जांचें तत्काल करवा सकेंगे। सबसे क्रांतिकारी पहलू यह है कि यह मशीन महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की शुरूआती पहचान करने में सक्षम है, जिससे समय रहते उपचार संभव हो सकेगा। इसके साथ ही, टेलीमेडिसिन सुविधा के जरिए मरीज सीधे विशेषज्ञ डॉक्टरों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर परामर्श ले सकेंगे और उनकी पूरी मेडिकल रिपोर्ट मोबाइल ऐप पर डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगी। वन मंत्री ने क्षेत्रवासियों को 36.50 लाख रुपये के निर्माण कार्यों की सौगात देते हुए ग्राम राजपुर और खड़का में विभिन्न परियोजनाओं का भूमिपूजन किया। कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देते हुए सालेमेटा और राजपुर सरगीगुड़ा में नई सीसी सड़कों की आधारशिला रखी गई, जो ग्रामीणों को कीचड़ और दुर्गम रास्तों से स्थायी निजात दिलाएंगी। इसके अलावा, तिरथा, सुधापाल और खड़का में नई पुलियों के निर्माण से मानसून के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या का समाधान होगा और ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क मुख्य मार्गों से बना रहेगा। सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए घोटिया दुलारदई गुड़ी में एक नवीन सामुदायिक भवन के निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। इन सभी विकास कार्यों और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के एकीकृत प्रयासों ने बस्तर में हर्ष और उत्साह का माहौल पैदा कर दिया है।



**इनकी रही मौजूदगी :** इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी ग्रामीण उपस्थित थे।

# बस्तर में मनेगा आज महतारी वंदन उत्सव, आएंगे सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 मार्च को दोपहर 12 बजे से वृहद महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत बस्तर के मुख्यालय स्थित लाल बहादुर शास्त्री मिनी स्टेडियम में आयोजित होगा। इस वृहद सम्मेलन के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और वन मंत्री केदार कश्यप की विशेष मौजूदगी में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। समारोह में सांसद महेश कश्यप और भोजराज नाग, विधायक किरण सिंह देव, लता उसेंडी, विनायक गोयल, नीलकंठ टेकाम, विक्रम उसेंडी, आशाराम नेताम, चैतराम अटामी, ब्लखेश्वर बघेल,विक्रम मंडावी, सावित्री मनोज मंडावी, जिला पंचायत बस्तर की अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पांडे, छत्तीसगढ़ राज्य बेवरेजेस कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, छत्तीसगढ़ हस्त शिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित के अध्यक्ष रूपसिंह सलाम, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी।








# बस्तर का युवा अब विश्व के पटल पर आगे बढ़ रहा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के भैरमगढ़ विकासखंड के छोटे से ग्राम गुदमा के युवा अंकित सकनी ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 816वीं रैंक प्राप्त कर पूरे बस्तर संभाग सहित प्रदेश का मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अंकित सकनी और उनके पिता चंद्रैया सकनी से वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं है। गृहमंत्री शर्मा ने अंकित से संवाद करते हुए उनकी मेहनत, लगन और संघर्ष की सराहना की। उन्होंने कहा कि बीजापुर जैसे दूरस्थ और आदिवासी अंचल के छोटे से गांव गुदमा से निकलकर यूपीएससी जैसी देश की सबसे कठिन परीक्षा में सफलता हासिल करना अत्यंत प्रेरणादायी उपलब्धि है। यह उपलब्धि न केवल अंकित के परिवार बल्कि पूरे बस्तर और प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अंकित से बातचीत के दौरान कहा कि आपने पूरे देश की उम्मीद को जगा दिया है, लोग मुझसे पुछते थे जब नक्सलवाद खत्म होगा तो क्या होगा। आपकी सफलता इस बात का ज्वलंत उदाहरण है कि जब नक्सलवाद खत्म होगा तो बस्तर में शांति और विकास का वातावरण बनेगा तो यहां के युवा अपनी प्रतिभा के बल पर देश ही नहीं बल्कि विश्व के पटल पर आगे बढ़कर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अंकित जैसे युवा देश की प्रशासनिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और समाज तथा राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगे। अंकित की उपलब्धि बस्तर के युवाओं के लिए एक नई प्रेरणा है कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी दृढ़ संकल्प और मेहनत से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।



### पिता ने मुलाकात की याद की साझा

इस अवसर पर अंकित के पिता चंद्रैया सकनी के द्वारा बीजापुर में उनसे हुई आत्मीय भेंट की याद भी साझा की। उनके पिता ने भी अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बेटे की इस सफलता से परिवार और गांव का नाम रोशन हुआ है।

# क्षमता से अधिक स्कूली छात्र छात्राओं को बैठा रहे ऑटो में

**जगदलपुर।** चित्रकोट मार्ग पर करंजी के पास स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंताजनक स्थिति देखी गई। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय करंजी के बच्चे हर दिन अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूल आने-जाने को मजबूर हैं। नियमों को ताक पर रखकर एक ऑटो में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर ले जाया जा रहा है। इस व्यस्त मार्ग पर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही बनी रहती है, ऐसे में जरा सी चूक किसी बड़ी घटना का कारण बन सकती है। अभिभावक और स्कूल प्रबंधन मौन हैं । जागरूक नागरिकों ने यातायात विभाग और जिला प्रशासन से इस लापरवाही को तत्काल संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई की मांग की है।








एक नारी किसी भी समय, कहीं भी,
किसी भी परिस्थिति का सामना बहादुरी से कर सकती है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
### की हार्दिक शुभकामनाएं

'इस महिला दिवस पर, मेरी कामना है कि आप चमकें, साहसी बनें और अपने दिल में जो भी ख्वाहिश रखें, उसे हासिल करें। आप एक अद्भुत शक्ति हैं!' 'आज भी, हर दिन की तरह, आप अपनी शक्ति, करुणा और साहस के लिए प्रशंसा की पात्र हैं। आपको महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!



**सुश्री वीणा वासनिकर**
लोनिवि- ई. एण्ड एम.






बस्तर संभाग का प्रथम सर्व सुविधा युक्त आईवीएफ, फर्टिलिटी, टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
For Registration Call: 9425258201

| Dr. Mamta Bansal | Dr. Sukriti Bansal | Dr. Alpana Bansal |
|---|---|---|
| D.N.B, M.D., D.G.O. | MBBS, MD (O/G), Director IVF Center | M.B.B.S.,D.G.O., M.D. |

**BANSAL NURSING HOME**
Balaji Ward, Jagdalpur (Bastar). Phone- 07782 224020



## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
के अवसर पर
महिला शक्ति को हृदय की गहराइयों से प्रणाम

इस अवसर पर मै सभी महिलाओं को नमन करती हूं जिनके अद्वितीय योगदान से समाज को संस्कार, विचार और आकार प्राप्त हुए। उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों और अदम्य साहस ने हर क्षण हमारे हृदयों को गौरवान्वित किया है।





अंतर्राष्ट्रीय
**महिला दिवस**
की शुभकामनाएं



**श्रीमती नीलिमा टी व्ही रवि**
जिला पंचायत सदस्य
क्षेत्र क्रमांक-02, बस्तर





आप सभी को
अंतर्राष्ट्रीय
**महिला दिवस** की
हार्दिक शुभकामनाएं

राष्ट्रनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं समस्त
**नारी शक्ति को नमन**



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सदैव मानव जाति के लिए त्याग बलिदान, स्नेह, श्रद्धा, धैर्य, सहिष्णुता का जीवन बिताने वाली महिला शक्ति को हृदय की गहराइयों से प्रणाम
नारी तुम केवल श्रद्धा हो,
विश्वास रजत नग पद तल में।
पीयूष स्रोत सी बहा करों, जीवन
के सुंदर समतल में

**श्रीमती आकांक्षा सिन्हा**
उप संचालक, उद्यानिकी

एक शिक्षित और सशक्त महिला केवल अपने परिवार को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के भविष्य को दिशा देती है। नारी शक्ति जब शिक्षा, संस्कार और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती है, तब एक बेहतर और सशक्त समाज का निर्माण होता है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

Women's Day

8 MARCH WOMEN'S DAY

हमारा उद्देश्य विद्यालयों के माध्यम से ऐसी पीढ़ी का निर्माण करना है, जो ज्ञान के साथ संस्कार, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता से भी समृद्ध हो।



श्रीमती सुमन भावसार

Director
Sanskar The Smart School, Jagdalpur
Sanskar School of Excellence, Jagdalpur
NMDC Sanskar The Smart School, Nagarnar



कोमल है तू कमजोर नहीं तू शक्ति का नाम ही नारी है।
जग को जीवन देने वाली, मौत भी तुझसे हारी है।



नारी शक्ति के अदम्य साहस, सम्मान, समानता, सुरक्षा, सहभागिता और सशक्तीकरण के लिये समर्पित

आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नारी अब वो चांद नहीं जो सूरज से रौशन होती है

श्रीमती प्रज्ञा नंद
कार्यपालन अभियंता, लोनिवि





8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

-विनीत-
कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के ईको टूरिज्म व आजीविका संवर्धन की महिलाएँ



8 मार्च अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

सुनो तो !
औरत, एक जूही की कली,
जो नाजुक टहनी में लगी है,
इतनी जल्दी क्यों! उसे समझने की।
वो सजेगी गुलदान में तो,
फैलायेगी खुशबू तेरे घर में,
आंगन में भी बिछ जायेगी,
सहलायेगी कदम तेरे।
पर शर्त तो यही है,
जरा ठहर ,देख उसे
किसी 'माली' की तरह।

आज का दिवस मानव जाति द्वारा महिलाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिवस है। नारी शक्ति के बगैर सभ्य समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती। समाज के अस्तित्व, उत्थान और कल्याण में महिलाओं की भूमिका वंदनीय है।



डॉ. सुषमा झा
जगदलपुर

Women's Day









अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस-2026 के अवसर पर

वृहद महतारी वंदन सम्मेलन-2026

दिनांकः 08 मार्च 2026, रविवार, दोपहर 12:00 बजे

स्थानः लाल बहादुर शास्त्री मिनी स्टेडियम, जनपद पंचायत बस्तर, जिला बस्तर

आप सभी की गरिमामयी उपस्थिति प्रार्थनीय है

विनीत- समस्त आंगनबाड़ी सहायिकाएं, जिला बस्तर

